
मंगलवार
30 जनवरी 2024



पृष्ठ 4
कच्चा नारियल है सेहत के लिए वरदान



पृष्ठ 5
गदर 3: तारा सिंह बन सनी देओल फिर मचाएंगे धमाल




● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 07
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

नियम के बिना और अभिमान के साथ किया गया तप व्यर्थ ही होता है।
– वेदव्यास

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

# अधेड़ की हत्या कर लहुलुहान शव नाले में फेंका

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। मंगलौर क्षेत्रांतर्गत गाँव के एक नाले में खून से लथपथ अधेड़ का शव मिलने से पूरे गाँव मे सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और जल्द खुलासा करने की बात कही गयी है। बताया जा रहा है कि मृतक अधेड़ की हत्या उसके घर में ही की गयी थी क्योंकि उसका बिस्तर खून से सना हुआ मिला है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह मंगलौर कोतवाली क्षेत्र स्थित मोहम्मद पुर जट्ट गांव के एक नाले में शव पड़े होने की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। वहीं सूचना के बाद एसएसपी हरिद्वार, एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह, सीओ मंगलौर आदि मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। शव 54 वर्षीय रमेश पुत्र घसीटा का है जिसकी किसी धारदार हथियार से हत्या की गई है। पुलिस कप्तान प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि पुलिस गहनता से पूरे मामले की जाँच कर रही है। जल्द घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

बताया जा रहा है कि आज प्रातः गांव मोहम्मदपुर जट्ट के एक व्यक्ति रमेश पुत्र घसीटा जो अविवाहित थे व अकेले ही रहते थे (उम्र 56 वर्ष) की हत्या कर हत्यारों ने उसका शव गांव के नाले में फेंक दिया गया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की और वह मृतक के घर पहुंची जहां चारपाई पर खून व कुछ मांस के अवशेष थे। जिस पर पुलिस की फारेंसिंक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र करना शुरू किये और पुलिस जांच में जुट गयी है। मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल, पुलिस अधीक्षक देहात स्वप्न किशोर, पुलिस अधीक्षक अपराध/ट्रेफिक पंकज गैरोला, ◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

# अंगीठी के धुएं से बनी गैस, दम घुटने से तीन लोगों की मौत

हमारे संवाददाता

नैनीताल। नैनीताल में कोयले की गैस लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। चिकित्सकों का कहना है कि इस तरह के हादसों से बचने के लिए कोयले की गैस वाले स्थान में हवा होनी जरूरी है।

जानकारी के अनुसार नैनीताल में हाईकोर्ट के समीप अस्थाई रूप से रहने वाले उत्तर प्रदेश(यू.पी.)के तीन मजदूरों की मौत हो गई। रविवार से अंगीठी में जलाई गई आग सोमवार देर रात तक जलती रही जिससे गैस उत्पन्न हो गई। इससे, तीनों मजदूर अपने अस्थाई ठिकाने में सोते रह गए। कमरे में हवा की जगह नहीं होने के कारण कोयले की गैस उन्हें लग गई और वह असहज हो गए। साथियों ने जब उन्हें देखा तो उन्हें तत्काल डेढ़ बजे रात बी.डी.पाण्डे अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने 25 वर्षीय राजकुमार और





21 वर्षीय अवनीश को मृत घोषित कर दिया, जबकि 21 वर्षीय मनिंदर को हल्द्वानी हायर सेंटर रैफर किया गया। बताया जा रहा है कि आज सवेरे मनिंदर ने भी दम तोड़ दिया।

बताया जा रहा है कि यह श्रमिक हाईकोर्ट में बन रहे एक चैम्बर के निर्माण के लिए यू.पी. से आए थे और वह वहीं पास में अस्थाई निर्मित कमरे में रह रहे थे, जहां ठंड से बचाव के लिए जलाई गई अंगीठी की गैस से तीनों की जान चली गई। वरिष्ठ चिकित्सक एम.एस.दुगताल ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए, जलाए गए कोयले की गैस घातक होती है और लापरवाही जान ले लेती है। कहा कि कमरे में शुद्ध हवा के आने का स्थान जरूर होना चाहिए और बीच-बीच में वहां मौजूद लोगों ने बाहर जाकर शुद्ध हवा में सांस लेनी चाहिए।

## अमेरिका में 2 दिनों में 2 भारतीय छात्रों की हत्या

वाशिंगटन। अमेरिका में लगातार दूसरे दिन भारतीय छात्र की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। जहां जॉर्जिया में विवेक सैनी की हथौड़े मार-मार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। वहीं शिकागो में 2 दिन से लापता छात्र नील आचार्य का शव मिला है। उसे आखिरी बार कैब ड्राइवर के साथ देखा गया था, इसलिए नील की भी हत्या किए जाने का शक जताया गया है। अमेरिका के अटलांटा में भारतीय दूतावास ने 2 दिन में 2 भारतीय छात्रों की हत्या पर कड़ी आपत्ति जताई है। शिकागो पुलिस ने पर्ड्यू यूनिवर्सिटी के नील आचार्य की मौत होने की पुष्टि कर दी है। वह 2 दिन से लापता था और उसकी मां गौरी आचार्य ने एक पोस्ट करके लोगों से बेटे को तलाशने में मदद मांगी थी। इस पोस्ट पर एक्शन लेते हुए शिकागो में भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट लिखी कि नील की तलाश जारी है, इस बीच उसका शव मिलने की खबर आ गई और पुलिस ने भी पुष्टि कर दी। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट लिखकर दोनों हत्याओं पर दुख जताया और निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग की गई। दूतावास की ओर से कहा गया कि विवेक सैनी की हत्या बेहद क्रूर और भयानक है। हत्या आरोपी ने दरिंदगी की हदें पार करते हुए वारदात को अंजाम दिया। हालांकि हत्या आरोपी जूलियन फॉकनर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।



# भारतीय नौसेना ने 19 पाकिस्तानी नागरिकों को सोमालियाई समुद्री लुटेरों से बचाया

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डकैती के एक और प्रयास को विफल करते हुए मछली पकड़ने वाली नौका अल नईमी और उसके चालक दल के सदस्यों को बचा लिया। आज मंगलवार, 30 जनवरी को भारतीय नौसेना की तरफ से ये जानकारी दी गई। बचाए गए सदस्यों में 19 पाकिस्तानी नागरिक भी शामिल हैं। नौसेना के कमांडोज ने 11 सोमालीयाई समुद्री डाकुओं को भी गिरफ्तार किया। गश्ती पोत आईएनएस सुमित्रा ने सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की। भारतीय नौसेना ने कहा कि उसके युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने संकटग्रस्त जहाज को रोका और कार्रवाई की। मछली पकड़ने वाली नौका अल नईमी पर समुद्री डाकू सवार हो गए थे और चालक दल के सदस्यों को बंधक बना लिया था।



युद्धपोत ने नाव के साथ चालक दल की सुरक्षित रिहाई के लिए एसओपी के अनुसार काम किया और नाव के साथ सभी 19 चालक दल के सदस्यों की सफल रिहाई सुनिश्चित की। 36 घंटे से भी कम समय में आईएनएस सुमित्रा ने 2 अपहृत मछली पकड़ने वाले जहाजों को बचाया। इससे पहले भारतीय युद्धपोत ने सोमवार, 20 जनवरी को सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत एक ईरानी ध्वज वाले मछली पकड़ने वाले जहाज का सफल रेस्क्यू किया था।

नौसेना के अधिकारियों ने कहा कि भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अपहृत जहाज और उसके चालक दल की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित की। नौसेना ने कहा है कि हिंद महासागर क्षेत्र में जलदस्यु रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों में भारतीय नौसैनिक युद्धपोतों की तैनाती समुद्र में सभी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना के दृढ़संकल्प को दर्शाती है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# अब नीतीश के बाद कौन?

भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार के जिस नारे के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है उस लक्ष्य को बिना नीतीश के हासिल नहीं किया जा सकता था। प्रतिबद्धता का दरवाजा तोड़कर भाजपा और एनडीए नें नीतीश कुमार और जनता दल यूनाइटेड को अपने पाले में खींच लिए जाने के बाद अब चारों तरफ से यह आवाज सुनाई दे रही है कि बिहार की तो सभी 40 सीटें आ गई भले ही अभी चुनाव कार्यक्रम की भी घोषणा न हुई हो लेकिन चुनाव से पहले ही सभी सीटें अपने खाते में जोड़ लेने की इस गणित को समझाना जरूरी है। भाजपा जिसने सभी राज्यों के लिए इस बार एक अंक गणित का फार्मूला तैयार किया है वह तभी पूरा होगा जब चुनाव से पहले भाजपा अपने पूरे प्लान को एजुकेट कर पाएगी। भाजपा अब जिस नीति पर आगे बढ़ रही है उसके तहत सिर्फ दूसरे दलों के नेताओं को ही नहीं राजनीतिक दलों के एनडीए में समायोजन की नीति पर भी तेजी से काम किया जाएगा। किस-किस राज्य में कौन-कौन से नेता और दल एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं और किसके आने से कितनी सीटें और बढ़ सकती है इसका पूरा चार्ट भाजपा के नीतिकारों की जेब में पड़ा है। उदाहरण के तौर पर महाराष्ट्र के उद्धव ठाकरे भी हो सकते हैं तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जयंत चौधरी भी और चंद्रबाबू नायडू भी हो सकते हैं। ऐसे दलों और नेताओं की फेरिश्त काफी लंबी है जो दल साथ नहीं आ सकते उनके कुछ कद्दावर नेता तो आ ही सकते हैं जिनके आने से कुछ हार वाली सीटों की जीत वाली सीटों में तब्दील किया जा सके। अयोध्या में संपन्न हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के संपन्न होने के बाद हिंदुत्व के मुद्दे को जो नई धार मिली है उसका भी भाजपा को बहुत बड़ा फायदा भले ही होता हुआ न दिखे लेकिन फायदा होगा इससे कोई भी इनकार नहीं कर सकता है। भाजपा के इस राजनीतिक प्लान का मतलब क्या है विपक्ष का इस बार सूपड़ा साफ या और कुछ। अब बात लोकतंत्र की भी कर लिया जाना जरूरी है। जिसको विश्व का सबसे पुराना और मजबूत लोकतंत्र कहा जाता है, क्या सिर्फ एक अकेले दल के इतने सशक्त और सक्षम होने की स्थिति में लोकतंत्र के लिए हितकारी हो सकता है क्या ममता की तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस तथा सपा-बसपा जैसे राजनीतिक दलों को लोकतंत्र की हिफाजत के लिहाज से सक्षम माना जा सकता है। कांग्रेस जैसी बड़ी और मजबूत पार्टी का अगर यह हाल हो सकता है तो बाकी की क्या बिसात है यह भी शायद सोचा जा सकता है। ऐसी स्थिति में देश की राजनीति और लोकतंत्र की दिशा और दशा क्या होगी 2024 का यह लोकसभा चुनाव और उसके चुनावी नतीजे ही तय करेंगे। अब तो बस यह इंतजार करिए कि नीतीश के बाद अगला टारगेट कौन?

# एसटीएफ की एएनटीएफ टीम ने डेढ़ किलो चरस सहित एक दबोचा

हमारे संवाददाता

देहरादून। चरस तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके कब्जे से डेढ़ किलो से अधिक चरस बरामद की गयी है। आरोपी शातिर किस्म का नशा तस्कर है जो कई वर्षो से अवैध नशे के कारोबार को अंजाम दे रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि



बीती शाम ए.एन.टी.एफ टीम(एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) एवं जनपद नैनीताल के थाना मुक्तेश्वर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाई करते हुए जनपद नैनीताल के थाना मुक्तेश्वर क्षेत्र से एक अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 1 किलो 542 ग्राम चरस बरामद की गयी। गिरफ्तार आरोपी पिछले कई सालों से उत्तराखंड में चरस की सप्लाई कर रहा था। जिसने पूछताछ में अपना नाम प्रकाश चंद आर्य पुत्र दीवान राम निवासी ग्राम दूदली तहसील धारी थाना मुक्तेश्वर जनपद नैनीताल बताया। बताया कि वह यह चरस अपने गांव से अलग-अलग व्यक्तियों से खरीद कर काठगोदाम/ हल्द्वानी आदि मैदानी क्षेत्र में बेचने जा रहा था। संयुक्त टीम द्वारा आरोपी को पदमपुरी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके खिलाफ थाना मुक्तेश्वर जनपद नैनीताल में एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। बरामद चरस की कीमत आठ लाख रूपये बतायी जा रही है।

प्र कृष्टिहेव शूष एति रोरुवदसुर्य वर्णं नि रिणीते अस्य तम्।
जहाति वव्रिं पितुरेति निष्कृतमुपप्रुतं कृणुते निर्णिजं तना।।
(ऋग्वेद ९-७१-२)

इस जगत की उत्पत्ति परमात्मा ने की है। वह सर्वत्र विद्यमान है। जो असुर हैं उन्हें वह दंड देता है। जो मनुष्य दिव्य ज्ञान का पात्र है परमात्मा उसको पूर्ण ज्ञान का प्रकाश देता है, उसे जरावस्था से मुक्त करके अमृत प्रदान करता है।

# डीएफए की टीम 3 फरवरी को नेपाल के लिए रवाना होगी

संवाददाता




देहरादून। भारतीय टीम 40 प्लस खेलो मास्टर्स देहरादून फुटबाल एकेडमी (डी एफ ए) की टीम तीन फरवरी को नेपाल के लिए रवाना होगी।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए टीम के कोच विरेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि नेपाल देश की सरकार पोखरा, कस्की के समाज कल्याण परिषद बगर भाइ खलक द्वारा आयोजित 40 प्लस इंटरनेशनल वेटर्नल फुटबाल चैंपियनशिप 2024 जो 4 फरवरी से 10 फरवरी तक प्रतियोगिता के लिए उन्हें समस्त भारत वर्ष से एक मात्र पत्र प्राप्त हुआ जिसमें खेलो मास्टर्स देहरादून फुटबाल एकेडमी (डी एफ ए) को मिला। रावत ने नेपाल सरकार की संस्था समाज कल्याण परिषद के अध्यक्ष दिल बहादुर गुरुंग का धन्यवाद किया। समस्त भारत से एक मात्र उन्हें निमंत्रण पत्र भेजा जिसमें उन्होंने समस्त उत्तराखंड और भारत से बेहतरीन 35 नेशनल और इंटरनेशनल खिलाड़ियों का 15 दिन का केम्प देहरादून के पवेलियन ग्राउंड मे 15 जनवरी से 30 जनवरी तक लगाया था। जिसमें 24 ऑफिसियल खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसमें भारतीय टीम 40 प्लस खेलो मास्टर्स देहरादून फुटबाल एकेडमी (डी एफ ए) की होंगी। जिसमें टीम के हेड कोच डॉ विरेन्द्र सिंह रावत जिनके नेतृत्व मे टीम प्रतिभाग करेगी। टीम के टेक्निकल एडवाइजर सुनील शर्मा, असिस्टेंट कोच शरद अग्रवाल, मैनेजर आर्मी कैप्टन धीरज थापा, अस्सिटेंट मैनेजर विमल सिंह रावत, कोऑर्डिनेटर पूर्व आई पी एस प्रेम सिंह बिष्ट, गोल कीपर कोच सत्य प्रकाश जोशी, फिजियो डी एस रौतेला, टीम कप्तान अनीश शर्मा, उपकप्तान विरेन्द्र प्रसाद रतूड़ी, मनीष शर्मा, गोविन्द सिंह, राजीव कुमार, मनोज नेगी, झार सिंह, बीर बहादुर सरु, तन बहादुर थापा, प्रभात थापा, राम थापा, कमल सिंह रावत, कैलाश मार्तोलिया, बिरेन्द्र सिंह बिष्ट, देवेंद्र सिंह बिष्ट,नलिश शर्मा प्रतिभाग करेंगे। टीम 3 फरवरी को देहरादून से प्रस्थान करेंगी नेपाल देश के लिए और टीम का पहला मैच 5 फरवरी को होगा।

# दुकान उपलब्ध होने पर चोपडा का किया सम्मान

संवाददात



हरिद्वार। वेंडिंग जोन में दुकान उपलब्ध होने पर लघु व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय चोपडा का सम्मान किया गया।

आज यहां फुटपाथ के कारोबारी रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों को संगठित कर विगत वर्षों से संघर्ष कर रहे लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के प्रयास से उत्तराखंड शासन के निर्देशन में नगरी फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा सेक्टर 2 बैरियर से भगत सिंह चौक के चौथे वेंडिंग जोन के स्थानीय लाभार्थी लघु व्यापारियों ने वेंडिंग जोन में दुकान उपलब्ध कराए जाने से. उत्साहित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट करते हुए भगत सिंह चौक सेक्टर 2 बेरियल की वेंडिंग जोन की अध्यक्ष नम्रता सरकार महामंत्री आजम अंसारी कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार द्वारा टाउन वेडिंग कमेटी के सदस्य संजय चोपड़ा,कमल सिंह, मोनू तोमर, तस्लीम अहमद, आशा देवी, सुमन गुप्ता ,विमल वर्षणीय के प्रतिनिधि सुनील कुकरेती का पटका उड़ाकर फूल माला पहनकर स्वागत के साथ चौथी वेंडिंग जोन के प्रथम लाभार्थी हेमू शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

# पति पर कराया मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। पति पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार टर्नर रोड निवासी नीतू सिंह ने अपने पति पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

हमारे संवाददाता



देहरादून। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए महानगर अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि हम सभी देशवासी गांधी जी के कृतज्ञ हैं। गांधी जी ने भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व को सत्य अहिंसा सद्भाव का रास्ता दिखाया। उनके समकालीन तथा उनके बाद के विश्व के सभी बड़े नेता उनसे प्रभावित रहे। उनके विचारों में आधुनिकता और परंपरा में सुन्दर समन्वय है जिससे भारतीय जनमानस हमेशा प्रभावित होता आया है।

गोगी ने कहा कि गांधी जी इस प्रकार के औद्योगिकीकरण के पक्षधर थे जिससे ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन होता हो। साथ ही वे महिलाओं के सशक्तीकरण के भी पक्षधर थे। आज की सरकार गाँधीजी के विचारों और सपनों से एकदम उलट चल रही है। देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और महिलायें सुरक्षित नहीं हैं। किसी न किसी तरह से उस विचारधारा को सरकार से आज भी शह प्राप्त है जिस विचारधारा ने गाँधीजी की हत्या हेतु गोड्से को प्रेरित किया। कांग्रेस गाँधीजी के आदर्शों हेतु लड़ने को पूर्व में भी आगे रही है और आगे भी रहेगी।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी ,प्रदेश उपाध्यक्ष पूरन सिंह रावत ,प्रदेश महासचिव मनीष नागपाल , प्रदेश मुख्य प्रवक्ता गरिमा दोसानी, उर्मिला थापा, भूपेंद्र नेगी, इलियास अंसारी, मनमोहन शर्मा , शहजाद अंसारी, अभिषेक तिवारी ,लकी राणा, जितेंद्र चौहान सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

का शेष



# 48 की उम्र में शिल्पा शेट्टी ने थाई हाई स्लिट ड्रेस में किया मदहोश

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने बेशक अपनी बेहतरीन एक्टिंग करियर के दम पर दुनियाभर में एक अलग पहचान हासिल की है, लेकिन पिछले कुछ समय से वह अपनी फिटनेस के कारण चर्चा में रहती हैं। शिल्पा ने अपने लंबे करियर में एक से एक किरदारों को बहुत खूबसूरती से पर्दे पर उतारा है। हालांकि, एक्ट्रेस ने अपनी खूबसूरती और फिटनेस का ऐसा जादू चलाया कि पूरी दुनिया उनकी दिवानी हो गई। हर दिन एक्ट्रेस अपने एक नए ग्लैमरस लुक के कारण चर्चा में आ ही जाती हैं। अब फिर से उनका नया लुक वायरल हो रहा है। शिल्पा अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। ऐसे में उनके नए लुक्स देखने को मिलते रहते हैं। अब लेटेस्ट लुक में एक्ट्रेस को लैदर स्टाइल वाली ब्राउन थाई हाई स्लिट वन शोल्डर ड्रेस पहने हुए देखा जा रहा है। एक्ट्रेस ने इस रिवीलिंग आउटफिट को भी बहुत खूबसूरती के साथ कैरी किया है।

शिल्पा ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड लिप्स और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है। इसके साथ उन्होंने हेयरस्टाइल के साथ अपने बालों को वेवी टच देकर ओपन रखा हुआ है। शिल्पा हमेशा की तरह इस लुक में भी बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश दिख रही हैं। उनके कर्वी फिगर को देखकर अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता कि एक्ट्रेस 48 साल की हो चुकी हैं। आज भी उन्होंने खुद को बहुत फिट रखा है। दूसरी ओर शिल्पा शेट्टी के वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों एक्ट्रेस रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में बनी वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज में उन्हें दमदार पुलिस ऑफिसर के रोल में जबरदस्त एक्शन करते हुए देखा जाएगा। इसके अलावा एक्ट्रेस केडी टाइटल से बन रही कन्नड़ फिल्म में भी नजर आने वाली हैं।( आरएनएस)

# अगर नहीं पहना चाहते आंखों वाला चश्मा तो रोज पीना शुरू कर दे यह जूस

आंखें हमारे शरीर का एक अनमोल अंग है। आंखों से हम देख पाते हैं। लेकिन आजकल टीवी और मोबाइल का बढ़ता उपयोग, कंप्यूटर और लैपटॉप के सामने घंटों बैठकर काम करना और अनियमित दिनचर्या के कारण अधिकतर लोग आंखों की समस्याओं से परेशान रहते हैं। आजकल बहुत से लोग आंखों में पानी आना, आंखों में दर्द, आंखों की जलन और कमजोर नजर आदि समस्याओं से परेशान रहते हैं। और इन समस्याओं से बचने के लिए चश्में का उपयोग करते हैं। अधिकतर लोगों के चश्मे के नंबर दिन प्रतिदिन बढ़ते चले जाते हैं। आंखों की कमजोरी का एक कारण शरीर को पर्याप्त विटामिन और प्रोटीन युक्त भोजन नहीं मिलना भी है। आजकल के गलत खानपान से शरीर को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता है। एक ऐसी चीज जिसका सेवन आंखों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। कमजोर आंखों के लिए वरदान है यह चीज, चश्मा हटाना चाहते हो तो आज से ही पीना शुरू कर दो। गाजर के जूस में विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, विटामिन बी8, फॉलेट, पोटेशियम, आयरन और मैंगनीज जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। जो आंखों की रोशनी को बढ़ाने में सहायक होते हैं। और शरीर को भी भरपूर पोषण प्रदान करते हैं। रोजाना सुबह नाश्ते में एक गिलास गाजर का जूस पीने से आपको कुछ ही दिनों में फर्क दिखने लग जाएगा। आपकी आंखों की रोशनी तेज हो जाएगी। और आंखों से जुड़ी समस्याएं भी दूर हो जाएंगी। ( आरएनएस)

# वजन घटाना है तो खाएं उबली सब्जियां



लोग अपने मोटापे को लेकर काफी परेशान रहते हैं। मोटापा कम करने और वजन घटाने के लिए वे कई तरह के नुस्खों का इस्तेमाल करते हैं। मसलन जिम जाने से लेकर वर्कआउट तक को वे आजमाते हैं। लेकिन आप उबली सब्जियां खाकर भी अपने वजन को नियंत्रित कर सकते हैं। उबली सब्जियों में ऐसे तत्व मौजूद होते हैं जो आपका वजन बढ़ने नहीं देते।

उबली सब्ज़ियों को खाने से आपको विटामिन बी12, फाइबर, आयरन, कैल्सियम आदि भरपूर मात्रा में तो मिलेगा ही साथ ही कैलोरी बढ़ने का भय भी नहीं रहेगा क्योंकि इसमें कैलोरी बहुत ही कम मात्रा में होता है। इनमें फाइबर भरपूर मात्रा में होने के कारण खाने के बाद पेट देर तक भरा रहता है जिससे आप जंक फूड्स के साथ ज्यादा खाने से भी बच जाते हैं। इस तरह का डायट लेने से आपको दो तरह से लाभ मिलता है, एक तो आपके शरीर को भरपूर मात्रा में पौष्टिकता मिल जाता है दूसरा वज़न घटने के बावजूद आप एनर्जी से भरपूर रह पाते हैं। आपको वज़न को घटाने के लिए एक ही बात का ध्यान रखना पड़ेगा, वह है डायट। वज़न घटाने के लिए सबसे ज़रूरी होता है डायट के साथ एक्सरसाइज़ दोनों पर बराबर ध्यान देने की। अगर आप हेल्दी तरीके से अपना वेट लॉस करना चाहते हैं तो ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर हो या स्नैक्स टाइम किसी भी समय आप उबली सब्ज़ियां एक बाउल खायें इससे आप धीरे-धीरे तंदुरूस्त रहते हुए वज़न को घटा पायेंगे।

# चेहरे पर निकल रहे हैं मुहांसे तो जानें कैसे करें कंट्रोल

पीसीओएस यानी पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम आजकल लड़कियों और महिलाओं में बहुत आम समस्या बन गई है। यह एक ऐसी समस्या है जो हार्मोन्स यानी शरीर के रसायनों के संतुलन बिगडने् से होती है।पीसीओएस में महिलाओं के अंडाशयों में छोटे-छोटे फोड़े या गांठें बन जाती हैं, जिनमें पानी भरा होता है। ये गांठें अंडाशयों को बड़ा और भारी बना देती हैं। इन गांठों की वजह से अंडाशय सही तरीके से काम नहीं कर पाते।

अंडाशयों का काम महिलाओं में हार्मोन बनाना और ब्लड में रिलीज करना होता है। लेकिन पीसीओएस में ये हार्मोन सही मात्रा में नहीं बनते। इसके कारण पीरियड्स रेगुलर नहीं आते हैं, शरीर पर अतिरिक्त बाल आने लगते हैं, मोटापे की समस्या हो सकती है। पीसीओएस की वजह से कई लड़कियों और महिलाओं को चेहरे, कंधे और पीठ पर मुंहासे निकलने लगते हैं। ये मुंहासे देखने में बहुत बुरे लगते हैं और आत्मविश्वास पर भी बुरा असर डाल सकते हैं।

ग्लूटेन फ्री

पीसीओएस की समस्या वाली महिलाओं को अपने आहार में कुछ बदलाव करने चाहिए, जिससे चेहरे के मुंहासे कम हो सकें। गेहूं से बनी चीजें जैसे - ब्रेड, नूडल्स आदि में ग्लूटेन नामक एक प्रोटीन होता है। इस ग्लूटेन के कारण कई लोगों को पेट संबंधी समस्याएं और मुंहासे ज्यादा होने लगते हैं। इसलिए ऐसे लोगों को ग्लूटेन फ्री डाइट यानि ग्लूटेन वाली चीजों से परहेज करना चाहिए।



हार्मोन को नियंत्रण करें

पीसीओएस की समस्या जैसे मुंहासों को कम करने के लिए, हमें अपने शरीर के कुछ हार्मोन जैसे - टेस्टोस्टेरोन और इंसुलिन के स्तर को संतुलित रखना होगा। कुछ खास तरह के आहार और जड़ी-बूटियां जैसे - ओमेगा 3, अश्वगंधा, विटामिन डी आदि टेस्टोस्टेरोन को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके साथ ही, रोजाना रूप से व्यायाम और संतुलित आहार से इंसुलिन के स्तर को भी अच्छा बनाए रखा जा सकता है। यदि मधुमेह या उच्च रक्तशर्करा की शिकायत है तो उस पर भी नियंत्रण जरूरी है।

खूब सारा पानी पिएं

पीसीओएस के कारण होने वाले मुहांसों से छुटकारा पाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत ही फायदेमंद है। पीसीओएस में शरीर का पीएच स्तर बिगड़ जाता है जिससे त्वचा पर मुहांसे और दाने निकलने लगते हैं। पानी शरीर के पीएच स्तर को संतुलित करने में मदद करता है साथ ही शरीर की गंदगी व विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।( आरएनएस)

# वैक्सिंग से होने वाले दर्द को कम करे

खूबसूरत मुलायम, चिकनी और स्मूद स्किन पर घमंड करना हर महिला का ख्वाब होता है। हालांकि महिलाओं को शरीर से बालों को वैक्सिंग के द्वारा हटाना काफी दर्दनाक लगता है। वैक्सिंग कराने से हमारी त्वचा स्मूद होने की वजह से खूबसूरत दिखने लगती है वहीं त्वचा पर से अनचाहे बालों से निजता मिलती है।

वैक्सिंग करवाने से ड्राई और डेड स्किन निकल जाती है और बाल भी हट जाते हैं जिससे छूने पर पंख जैसा स्पर्श महसूस होता है। किसी और प्रकार से बालों को हटाने पर ऐसा नहीं होता है। साथ ही वैक्सिंग करने से हमारे सारी की गन्दगी भी निकल जाती ही। लेकिन क्या कोई ऐसा कमाल का उपाय है जिसे अपनाकर वैक्सिंग से होने वाले दर्द को कम किया जा सके। लेकिन हम जानते हैं कि आप इस दर्द को सह लेते हैं क्योंकि वैक्सिंग शरीर के बालों से आसान उपायों को अपनाकर इसके दर्द को कम कर सकते हैं...

वैक्सिं के तुरंत बाद हमारी स्किन अत्यधिक संवेदनशील होती है जिससे इन्फेक्शन का खतरा बढ जाता है। हॉट शावर्स इंफेक्शन को बढावा दे सकते हैं इसलिए गर्म पानी का शावर न लें और टाइट कपडों पहनने से बचें। इतने टेंशन और खिंचाव केबाद त्वचा को सांस लेने की मोहलत तो मिलनी चाहिए।

पीरिड्यस के दौरान में हम ज्यादा सेंसिटिव होते हैं जिससे हमें अधिक तकलीफ हो सकती है। इसलिए पीरियड्स में वैक्सिंग न कराएं तो ही अच्छा है।

वैक्सिं के तुरंत बाद हमारी स्किन अत्यधिक संवेदनशील होती है जिससे इन्फेक्शन का खतरा बढ जाता है। हॉट शावर्स इंफेक्शन को बढावा दे सकते हैं इसलिए गर्म पानी का शावर न लें और टाइट कपडों पहनने से बचें। इतने टेंशन और खिंचाव केबाद त्वचा को सांस लेने की मोहलत तो मिलनी चाहिए।

आपके वैक्सिंग सेशन में गैप जितना लंबा होगा दर्द उतनी ज्याद होगा। तो अगर आप बालों के सुपरलम्बे होन का इंतजार कर रही हैं तो खुद ही दर्द को न्यौता दे रही हैं। कम से कम दर्द में मुलायम त्वचा पाने के लिए 34 हफ्तो काही इंटरवल लें।

सुबह कॉफी ना पींए, जिस दिन आपको वैक्सिंग करवानी है, उस दिन सुबह कॉफी को बायबाय कहना ही ठीक है। इससे आपको वैक्सिंग करते वक्त दर्द नहीं होगा। क्योंकि कॉफी में कैफीन मौजूद होता है, जो इसे के दोनों छोरों को उत्तेजित करता है। वैक्सिंग में जब बाल खिंचते है तो उस समय बेहद दर्द होता है।

# जो जमीनी हालात हैं

मीडिया हेडलाइन्स से भारत की खुशनुमा तस्वीर उकेरने की कोशिश अक्सर होती रहती है। लेकिन जो जमीनी हालात हैं, वे इससे नहीं बदल सकते। विडंबना है कि इन हालात को बदलने की कोशिश के बजाय विकसित भारत का खोखला सपना दिखाया जा रहा है।

अभी हाल में 2023-24 के अनुमानित सरकारी आर्थिक आंकड़े जारी हुए, तो उनसे पता चला कि इस वित्त वर्ष में (दो अपवाद वर्षों को छोड़ कर) भारत की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि 21 वर्ष के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। इस वर्ष यह वृद्धि दर 7.9 प्रतिशत रही। बीते 21 वर्षों में सिर्फ 2019-20 और 2020-21 में ये दर इससे कम रही थी, जब सारी दुनिया कोरोना महामारी की चपेट में थी। एक अंग्रेजी वेबसाइट ने अपने विश्लेषण से बताया है कि चालू वित्त वर्ष में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भारी गिरावट आई है।

अप्रैल से सितंबर तक देश में सिर्फ 10.1 बिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया। इसके पहले (इस अवधि में) इतनी कम एफडीआई 2007-08 में आई थी। देश में औसत आम उपभोग का कमजोर बने रहना अब एक स्थायी हेडलाइन है। ताजा खबर यह है कि अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में एफएमसीजी क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलिवर लिमिटेड का मुनाफा अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं बढ़ सका।

कंपनी ने इसका कारण ग्रामीण क्षेत्रों में मांग की कमजोर स्थिति को बताया है। ये सारी खबरें अलग-थलग नहीं हैं। बल्कि उस गंभीर आम माली हालत का सूचक हैं, जो लगातार गंभीर हो रही है। दरअसल, जिस देश में कामकाजी उम्र वर्ग की लगभग 50 फीसदी आबादी सवा लाख रुपये से कम वार्षिक आय पर गुजारा करती हो, वहां महंगाई एवं सामाजिक सुरक्षाओं में कटौती का परिणाम इसी रूप में सामने आ सकता है।

इस स्थिति का निहितार्थ यह है कि भारत के एक सशक्त बाजार के रूप में उभर सकने की संभावनाएं सीमित बनी हुई हैं। यह अवश्य है कि लगभग छह-सात करोड़ लोगों का एक उपभोक्ता वर्ग हमारे देश में मौजूद है और जो मौजूदा वैश्विक आर्थिक-राजनीति सूरत के बीच बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसलिए मीडिया हेडलाइन्स से भारत की खुशनुमा तस्वीर उकेरने की कोशिश अक्सर होती रहती है। लेकिन जो जमीनी हालात हैं, वे ऐसे प्रयासों से नहीं बदल सकते। विडंबना यह है कि इन हालात को बदलने की कोशिश के बजाय विकसित भारत का खोखला सपना दिखाया जा रहा है।(आरएनएस)

# कांग्रेस क्या ओवैसी से तालमेल करेगी

तेलंगाना में सरकार बनने के बाद कांग्रेस किसी तरह से राज्य की सभी 15 सीटें जीतने की रणनीति बना रही है और इसी क्रम में कहा जा रहा है कि पुराने सहयोगी असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया एमआईएम के साथ भी कांग्रेस तालमेल कर सकती है। ध्यान रहे एकीकृत आंध्र प्रदेश में कांग्रेस और एमआईएम का साथ रहा है लेकिन 2012 में अकबरूद्दीन ओवैसी की गिरफ्तारी के बाद तालमेल खत्म हो गया और दोनों पार्टियां एक दूसरे पर हमला करने लगीं। कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल गांधी भी ओवैसी की पार्टी को भाजपा की बी टीम बता कर उसके ऊपर हमला करते हैं। लेकिन अब तालमेल की संभावना जताई जा रही है।

यह संभावना इसलिए जताई जा रही है क्योंकि शुक्रवार को लंदन में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और ओवैसी के भाई अकबरूद्दीन ओवैसी की मुलाकात हुई। दोनों एक साथ टेम्स नदी का रिवर फ्रंट देखने गए। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने ओवैसी को आमंत्रित किया था ताकि हैदराबाद की मुसी नदी को पुनर्जीवित करने और रिवर फ्रंट डेवलप करने की परियोजना का आइडिया मिले। दोनों के इस सद्भाव को देख कर तालमेल की चर्चा शुरू है गई है। हालांकि मौजूदा समय में कांग्रेस का ओवैसी के साथ तालमेल उसके लिए आत्मघाती हो सकता है। पहले तो एमआईएम के विरोध में कांग्रेस काफी आगे बढ़ चुकी है। अगर वह तालमेल करती है तो भाजपा को मौका मिलेगा यह कहने का ओवैसी कभी भाजपा की बी टीम नहीं थे, बल्कि कांग्रेस की बी टीम हैं। ध्यान रहे पिछली बार तेलंगाना में कांग्रेस ने तीन और ओवैसी ने एक सीट जीती थी, जबकि भाजपा को चार सीटें मिली थीं। अगर कांग्रेस और ओवैसी साथ आते हैं तो ज्यादा ध्रुवीकरण होगा और भाजपा की सीटें बढ़ सकती हैं। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# कच्चा नारियल है सेहत के लिए वरदान



कच्चा नारियल अपने गुणों के चलते सेहत के लिए वरदान कहा गया है। आप इसे किसी भी मौसम में खाएंगे तो आपको सेहत संबंधी ढेर सारे लाभ मिलेंगे। खासकर सर्दियों में कच्चा नारियल शरीर को भरपूर पोषण देता है क्योंकि इस सीजन में शरीर को ज्यादा एनर्जी की जरूरत होती है। कच्चे नारियल में ढेर सारे फाइबर और आयरन के साथ साथ कॉपर, सेलेनियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम पाए जाते हैं जो शरीर के डेवलपमेंट के लिए जरूरी कहे जाते हैं। अगर आप रोज इसका सेवन करेंगे तो आपका शरीर मजबूत और एनर्जी से भरपूर बना रहेगा। चलिए जानते हैं कि कच्चा नारियल सेहत के लिए किस तरह फायदेमंद साबित होता है।

कच्चे नारियल के सेहत संबंधी फायदे

पाचन तंत्र मजबूत करता है

कच्चा नारियल फाइबर से भरपूर होता है और इसी कारण इसे खाने से पेट संबंधी दिक्कतें नहीं होतीं। कच्चे नारियल में 60 फीसदी से ज्यादा पानी होता है, इसके सेवन से कब्ज, एसिडिटी, पेट में जलन और अफारे की समस्या में आराम मिलता है। इसे खाने पाचन तंत्र स्मूद होता है।

वेट लूज करने में मददगार है

वेट लूज करने के मिशन में कच्चा नारियल काफी मदद करता है। दरअसल इसमें ढेर सारा फाइबर होता है और इसे खाने के बाद देर तक भूख को कंट्रोल किया जा सकता है। इसके साथ ही कच्चे नारियल में मौजूद ट्राइग्लिसराइड बॉडी में बसी फैट को बर्न करने में मदद करता है। कच्चे नारियल के सेवन से शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल सही बना रहता है। इसलिए अगर आप वेट लूज करना चाह रहे हैं तो कच्चे नारियल को अपनी डाइट में शामिल करना आपके लिए बेहतर होगा।



दिमाग तेज करता है

कच्चा नारियल केवल शरीर ही नहीं बल्कि दिमाग के लिए भी काफी फायदेमंद है। इसमें आयरन और विटामिन बी 6 पाए जाते हैं दिमाग को मजबूत और तेज करते हैं। इसे खाने से दिमाग की एक्टिविटी बढ़ती है और मेमोरी बूस्ट होती है।

शुगर में फायदा करता है

हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि कच्चा नारियल शरीर में ब्लड शुगर के स्तर को कंट्रोल करने में मददगार साबित होता है। इसलिए डायबिटीज के मरीज इसे अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

स्किन और बालों के लिए उपयोगी

कच्चे नारियल में विटामिन के साथ साथ ढेर सारे एंटी ऑक्सिडेंट पाए जाते हैं जो स्किन के साथ साथ बालों को भी भरपूर पोषण देते हैं। इसमें पाया जाने वाला विटामिन ई त्वचा को सुंदर, स्वस्थ और चमकदार बनाता है। इसके सेवन से बालों का रूखापन और टूटने की समस्या भी कम होती है। कच्चे नारियल में पाए जाने वाले एंटी ऑक्सिडेंट फ्री रेडिकल्स को रोककर बालों की ग्रोथ को तेज करते हैं।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य - 58

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 57 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# क्रिस्टल डिसूजा ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा

टीवी एक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा पिछले कुछ समय से लगातार अपने लुक्स के कारण काफी चर्चा में बनी हुई हैं। लगभग हर दिन एक्ट्रेस का एक नया और सिजलिंग लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो जाता है। ऐसे में जहां एक क्रिस्टल के फॉलोअर्स की लिस्ट लंबी होती जा रही है, वहीं फैंस को उनके हर नए लुक का बेसब्री से इंतजार भी रहता है। हालांकि, क्रिस्टल भी इस मामले में कभी अपने फैंस को निराश नहीं करतीं। इसी बीच अब उन्होंने फिर अपनी अदाओं से चाहने वालों के दिलों की धड?नें तेज कर दी हैं। क्रिस्टल ने कुछ देर पहले ही अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने नए लुक की कुछ फोटोज शेयर की हैं। इसमें एक्ट्रेस रेड कलर की वन शोल्डर शॉर्ट ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं।



उन्होंने अपने इस लुक को सटल शाइनी बेस, न्यूड रेड लिप्स और मिनिमल आई मेकअप से कप्लीट किया है। इसके साथ क्रिस्टल ने अपने बालों को सॉफ्ट कर्ल्स टच देकर ओपन हेयर स्टाइल बनाया है।

क्रिस्टल ने इस शॉर्ट आउटफिट के साथ लॉन्ग ब्राउन बूट्स कैरी किए हैं। वहीं, एक्सेसरीज के तौर पर एक्ट्रेस ने कानों में हूप ईयररिंग्स पहने हैं। क्रिस्टल हमेशा की तरह इस लुक में भी बेहद खूबसूरत और स्टनिंग दिख रही हैं। कुछ ही देर में उनका ये नया लुक भी फैंस के बीच वायरल होने लगा है। उन्होंने इस गॉर्जियस लुक को कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करते हुए किलर पोज दिए हैं। दूसरी ओर क्रिस्टल के वर्क फ्रंट की बात करें तो पिछले काफी समय वह किसी प्रोजेक्ट के लिए साइन नहीं कर रही हैं। पिछली बार उन्हें 2022 में आई मल्टी स्टारर फिल्म विस्फोट में देखा गया था। अब क्रिस्टल के चाहने वाले उन्हें फिर से पर्दे पर देखने के लिए काफी उत्साहित हैं।

# तेजा सज्जा की फिल्म हनुमान ने मारी 100 करोड़ के क्लब में शानदान एंट्री


तेजा सज्जा की फिल्म म बॉक्स ऑफिस पर ऊंची उड़ान भर रही है. साउथ की ये सुपरहीरो फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. कम बजट में बनी ये फिल्म रोज कमाई कर रही है. 12 जनवरी को सिनमेघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने 9वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा बरकरार रखा है. वहीं तेजा सज्जा की फिल्म ने 100 करोड़ के क्लब में एंट्री कर ली है।

ओपनिंग डे पर 8.05 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रखा है. जी हां, फिल्म ने अपने शानदार कलेक्शन के साथ पहला हफ्ता पूरा किया और अब इसके दूसरे हफ्ते की शुरुआत भी दमदार हुई है. तो आइए जानते हैं फिल्म ने दूसरे शनिवार घरेलू बॉक्स ऑफिस पर किरते करोड़ रुपये का बिजनेस किया।

रिपोर्ट के मुताबिक 'हनु मान' ने रिलीज के 9वें दिन 14.25 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ 'हनु मान' का 9 दिनों का कुल कलेक्शन अब 114.10 करोड़ रुपये हो गया है. फिल्म के आंकड़ें देखकर तो यही लग रहा है कि हनुमान बहुत जल्द कई सारे रिकॉर्ड्स तोडने़ और बनाने वाली है।

बता दें कि हनुमान की रिलीज के साथ बॉक्स ऑफिस पर साउथ की कई फिल्मों का क्लैस हुआ था. इस लिस्ट में मैरी क्रिसमस, अयलान, फिल्म गुंटूर कारम, कैप्टन मिलर जैसी फिल्में शामिल हैं. वहीं कमाई के मामले में तेजा सज्जा ने महेश बाबू, धनुष और शिवा कार्तिकेयन जैसे बड़े स्टार्स को कड़ी टक्कर दी है. इन सभी फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए तेजा सज्जा की हनुमान बॉक्स ऑफिस पर काफी आगे निकल चुकी है। प्रशांत वर्मा के डायरेक्शन में बनी फिल्म हनुमान एक माइथोलॉजिकल फिल्म है. फिल्म को दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटि रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म की कहानी एक यंग लडके की होती है, जिसे भगवान हनुमान की तरफ से सुपरपावर मिल जाती है. वहीं सुपरपावर मिलने के बाद यह लडका अपने लोगों के लिए लड़ता है. वहीं तेजा ने इस यंग लडके का किरदार निभाया है. वहीं सुपरहीरो के रूप में तेजा सज्जा को खूब पसंद किया है.।

# गदर 3ः तारा सिंह बन सनी देओल फिर मचाएंगे धमाल




सनी देओल ने पिछली बार फिल्म गदर 2 से बड़े पर्दे पर वापसी की। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया और कमाई के मामले में कई रिकॉर्ड तोड़े। यह सनी के करियर की अब तक की सबसे कमाऊ फिल्म बनकर उभरी। फिल्म को उम्मीद से बढकर सफलता मिली।अब जो खबर आ रही है, उससे सनी के प्रशंसक तो शर्तिया खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, निर्देशक अनिल शर्मा अपनी गदर फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त ला रहे हैं।

सूत्रों को जानकारी मिली है कि जी स्टूडियोज ने गदर 3 को हरी झंडी दे दी है। जी स्टूडियोज, फिल्म के निर्देशक और हीरो के साथ इस पर चर्चा हो चुकी है।यह जानकारी तो थी कि गदर 3 आएगी, लेकिन दर्शकों को सरप्राइज देने के चक्कर में इसकी घोषणा नहीं हुई थी।गदर 2 की रिलीज के बाद से अनिल लेखकों के साथ गदर 3 पर विचार कर रहे थे। अब आखिरकार उन्होंने एक आइडिया फाइनल कर लिया है।

फिल्म की अगली किस्त भी भारत-पाकिस्तान संघर्ष की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। हालांकि, इस बार दांव पहले से कहीं ज्यादा बड़ा होगा। एक करीबी सूत्र ने बताया कि पूरी टीम इस विचार पर एकमत हैं और गदर 3 के लिए उत्साहित है।टीम को दिशा मिल गई है कि तारा की कहानी कहां है, सकीना और जीते यहां से आगे बढ़ते हैं। अगर सब योजना के मुताबिक हुआ तो गदर 3 की शूटिंग 2025 के अंत तक शुरू हो जाएगी।

अनिल ने कहा, हां, तारा सिंह वापस आएंगे, क्योंकि हमने गदर 3 के मूल विचार को तय कर लिया है। मैं फिलहाल अपने बेटे उत्कर्ष और नाना पाटेकर के साथ अपनी अगली फिल्म सफर की शूटिंग कर रहा हूं और बहुत जल्द गदर 3 की स्क्रिप्ट पर काम करना शुरू करूंगा।सनी इस बीच अपनी अगली फिल्म लाहौरः 1947 की शूटिंग कर रहे हैं। इसके अलावा वह बॉर्डर 2 और रामायण में भी काम करने वाले हैं।

गदर 2 2001 में आई फिल्म गदर का सीक्वल है। इस फिल्म में सनी के अलावा अमीषा पटेल और उत्कर्ष शर्मा ने अहम भूमिका निभाई है।गदर 2 11 अगस्त, 2023 को रिलीज हुई थी।उधर गदर 2001 में आई थी। 18 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 133 करोड़ रुपये कमाए थे। उधर गदर 2 60 करोड़ रुपये की लागत से बनी और इसने दुनियाभर में लगभग 700 करोड़ रुपये कूटे।

# महेश बाबू की फिल्म के नाम हुए ये 4 रिकॉर्ड

महेश बाबू की फिल्म गुंटूर कारम बॉक्स ऑफिस पर छा गई है. रिलीज के बाद से ही फिल्म धुआंधार कारोबार कर रही है. फिल्म ने जहां घरेलू बॉक्स ऑफिस पर दमदार कलेक्शन किया है तो वहीं वर्ल्डवाइड भी फिल्म का दबदबा है. अपने पांच दिनों के कलेक्शन के साथ फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था तो वहीं एक हफ्ते के अंदर ही फिल्म ने दुनियाभर में 200 करोड़ क्लब में एंट्री ले ली है.

गुंटूर कारम ने अपने पहले हफ्ते में ही वर्ल्डवाइड 200 करोड़ का बिजनेस करके कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं. फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन शेयर किया है. जिसके मुताबिक 212 करोड़ के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ गुंटूर कारम 200 करोड़ क्लब का हिस्सा बनने वाली साल 2024 की पहली फिल्म बन गई है.

महेश बाबू की फिल्म ने साल 2024 की हाइएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म का खिताब भी अपने नाम कर लिया है. बता दें कि इस साल अब तक मैरी क्रिसमस, ना सामी रंगा, अयलान, हनुमान और कैप्टन मिलर जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर दस्तक दी है. लेकिन गुंटूर कारम ने इन सभी फिल्मो को पछाडकर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है. गुंटूर कारम के प्रोडक्शन हाउस की मानें तो महेश बाबू की फिल्म ने पहले हफ्ते में वर्ल्डवाइड 212 करोड़ कमाकर रीजनल सिनेमा में भी इतिहास रच दिया है. रीजनल सिनेमा में अब तक किसी फिल्म ने इतनी तेजी से 200 करोड़ क्लब में एंट्री नहीं ली थी. इसके अलावा पहले के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ गुंटूर कारम 200 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली महेश बाबू की दूसरी फिल्म भी बन गई है. पहले नंबर पर 214.8 करोड़ की कमाई के साथ अब भी फिल्म सरिलेरु नीकेव्वरु है, हालांकि गुंटूर कारम यह आंकड़ा पार करने के काफी करीब आ गई है.

# फिल्म स्टारफिश ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दी दस्तक




टी-सीरीज के मालिक और फिल्म निर्माता भूषण कुमार की छोटी बहन और अभिनेत्री खुशाली कुमार को पिछली बार फिल्म स्टारफिश में देखा गया था।इसमें मिलिंद सोमन, एहान भट और तुषार खन्ना भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।यह फिल्म बीते साल 24 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी और महज 10 लाख रुपये ही बटोर पाई।अब स्टारफिश ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर स्टारफिश का पोस्टर साझा किया और लिखा, आप जो जानते हैं वह केवल एक बूंद है। तारा की दुनिया के नीचे रहस्यों का सागर छिपा है। स्टारफिश के साथ सच्चाई खोजने की खोज में उतरें, केवल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग।स्टारफिश की कहानी बीना नायक की चर्चित किताब स्टारफिश पिकल पर आधारित है। इस फिल्म का निर्देशन अखिलेश जायसवाल ने किया था।भूषण कुमार ने इस फिल्म का निर्माण किया था।

फिल्म की कहानी शुरुआत से अंत तक भटकी हुई है। फिल्म की कहानी बीना नायक के उपन्यास स्टारफिश पिकल पर आधारित है। तारा की मां शादी से तीस साल पहले गोवा घूमने गई थी और वहां से प्रेग्नेंट होकर लौटती है। तारा गोवा यह पता लगाने जाती है कि गोवा में किसके साथ उनकी मां का संबंध रहा होगा और तारा का असली पिता कौन है? फिल्म की कहानी माल्टा से कब गोवा पहुंच जाती है और गोवा से कब माल्टा पहुंच जाती है। पता ही नहीं चलता है।

फिल्म का क्लाइमेक्स तो और भी हास्यपद लगता है जब गोवा में अपनी मां के अतीत को तलाशती तारा एक ऐसे शख्स के पास पहुंचती है। जिसके साथ वह पहले ही शांति और आध्यात्म की खोज के दौरान अंतरंग संबंध स्थापित करने की कोशिश करती है, वहीं तारा का असली पिता निकलता है। मिलिंद सोमन ने आध्यात्मिक गुरु और म्यूजिक टीचर की भूमिका निभाई है। जवानी के दिनों में उनका किरदार कैलाश का दिखाया गया है, जिसके साथ तारा की मां के अंतरंग संबंध स्थापित हुए थे। मिलिंद सोमन का किरदार कैलाश और आध्यात्मिक गुरु का एक ही है या फिर दोनों अलग है, इसे निर्देशक ने दर्शकों पर छोड़ दिया। फिल्म में ड्रग्स, शराब और सेक्स वाले दृश्यों की भरमार के बदले अगर कहानी सहज तरीके से कहीं गई होती तो यह फिल्म अपना असर छोडने़ में जरूर कामयाब होती।

# इजराइल-हमास लड़ाई में भी दोहरा मापदंड

बलबीर पुंज

जो पाकिस्तान पिछले 1०० दिनों से अन्य कुछ इस्लामी देशों की भांति हमास-विरोधी इजरायली सैन्य अभियान में कई 'निर्दोष फिलीस्तीनियों' के मारे जाने पर आंसू बहा रहा है, पर उसी देश के पूर्व तानाशाह जनरल जिया-उल-हक ने ही जॉर्डन के 1० दिवसीय 'ब्लैक सितंबर' में इजराइल के विरुद्ध संघर्ष कर रहे हजारों फिलीस्तीनियों के कत्लेआम में रणनीतिक भूमिका निभाई थी।..इस घटना के लिए जिया को फ़िलिस्तीनियों का 'कसाई' कहकर संबोधित किया जाता है।

इजराइल-हमास युद्ध को 1०० दिन से अधिक हो गए है। यह युद्ध अभी तक हजारों को लील चुका है, तो गाजा-पट्टी का आधा हिस्सा इजराइली बमबारी से मलबे में तब्दील हो गया है। इजराइल और फिलीस्तीन के असंख्य नागरिक के खिलाफ हो रहा अत्याचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस मानवीय त्रासदी के लिए कौन जिम्मेदार है? इजराइल या हमास (इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन) रूपी फिलीस्तान समर्थित संगठन?

इजराइल अपनी स्थापना (1948) से अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। जब भी उसपर मजहबी कारणों से आक्रमण होता है, तब वह प्रतिकार करते हुए कोई रियायत नहीं बरतता। परंतु हमास का युद्ध मजहबी उन्माद से प्रेरित है और काफिर-कुफ्र अवधारणा से प्रेरणा पाता है। हमास, दुनिया के कई देशों द्वारा घोषित आतंकवादी संगठन है। परंतु एक वैश्विक वर्ग, जोकि वाम-उदारवादियों और मुस्लिम कट्टरपंथियों का एक समूह है- वह प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से इजराइल पर हमला करने वाले हमास के प्रति सहानुभूति रख रहा है। उनके लिए दुनिया का एकमात्र यहूदी राष्ट्र- इजराइल ही दोषी है।

इसे पूर्वाग्रह की पराकाष्ठा कहेंगे कि इजराइल में जिस तरह दानवी कृत हमास के जिहादियों ने किया, जिसमें उन्होंने पालने में सोते ढेरों मासूम बच्चों की गला रेतकर हत्या तक कर दी या उन्हें जीवित जला दिया- उसके समर्थन में इस कुनबे द्वारा नैरेटिव बनाया जा रहा है कि हमास का हमला 'फिलीस्तीन पर जबरन इजराइली कब्जे' का बदला है, जबकि प्रतिकारस्वरूप सैन्य कार्रवाई कर रहा इजराइल हजारों फिलीस्तानियों का दमन कर रहा है। यदि ऐसा है, तो यह कुनबा 'ब्लैक सितंबर' के बारे में क्या कहेगा?

इजराइल के पड़ोस में जॉर्डन नामक इस्लामी राष्ट है, जिसके शासक राजा अब्दुल्ला-2 शाही हाशमाइट साम्राज्य (1946 से अबतक) से है, जिसे पैगंबर मोहम्मद साहब का प्रत्यक्ष वंशज माना जाता हैं। बात वर्ष 1967 की है। उस समय इजराइल के खिलाफ हुए छह दिवसीय मजहबी युद्ध में मिस्र, जॉर्डन और सीरिया की प्रचंड पराजय हुई थी। तब लाखों फिलीस्तीनियों को जॉर्डन के तत्कालीन साम्राज्य राजा हुसैन ने शरण दी। इसी कालखंड में 'फिलिस्तीन मुक्ति संगठन' (पीएलओ) के सहयोग से 'फतह', 'फिदायीन' और 'पीएफएलपी' नामक समूहों का गठन भी हो चुका था, जो यहूदी राष्ट्र इजराइल को दुनिया से मिटाने हेतु जॉर्डन में अपनी शक्ति बढ़ाने लगे। अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए वे प्रत्येक अंतराल पर इजराइली ठिकानों पर हमला करते। इससे उनकी लोकप्रियता अरब देशों में काफी बढने् लगी। उस समय पीएलओ का मुख्यालय जॉर्डन के अम्मान में था।

इसी बीच मिस्र ने 1969 में इजराइल पर फिर हमला कर दिया, जिसमें जॉर्डन से संचालित 'पीएलओ', 'फतह', 'फिदायीन' और 'पीएफएलपी' ने भी बढ़-चढ?र हिस्सा लिया। तब मिस्र-जॉर्डन-इजराइल के बीच 197० में अमेरिका के कूटनीतिक 'रॉजर प्लान' से युद्धविराम हुआ। इससे नाराज़ पीएलओ ने हाशमाइट सम्राट हुसैन को चुनौती दी, जिस जॉर्डन ने उन्हें शरण दी, उसपर कई हमले किए और उसमें ही अलग 'फिलिस्तीन' राष्ट बनाने का प्रयास शुरू कर दिया। कालांतर में पीएफएलपी ने सम्राट हुसैन की हत्या की भी कोशिश की, जिसमें असफल होने से बौखलाए पीएफएलपी ने दो अमेरिकी और एक स्विस हवाई जहाजों का अपहरण कर लिया और उन्हें जॉर्डन ले आए। 56 यहूदियों और छह अमेरिकी नागरिकों को छोड?र अन्य सभी यात्रियों को रिहा कर दिया और जॉर्डन पर दवाब बनाने के लिए पीएफएलपी आतंकियों ने दो खाली जहाजों को बम से उड़ा दिया।

यह घटनाक्रम फिलीस्तीनी समूहों द्वारा जॉर्डन की स्वायत्तता पर गहरा प्रहार था। सम्राट हुसैन ने 16 सितंबर 197० को अपनी सेना को फिलिस्तीनी-नियंत्रित क्षेत्रों पर हमले के निर्देश दे दिए, जिसे 'ब्लैक सितंबर' नाम से जाना जाता है। कई रिपोर्टों के अनुसार, उस समय मारे गए फिलिस्तीन समर्थक लड़ाकों की अनुमानित संख्या 25,००० या उससे अधिक थी। दिलचस्प यह भी है कि जो पाकिस्तान पिछले 1०० दिनों से अन्य कुछ इस्लामी देशों की भांति हमास-विरोधी इजरायली सैन्य अभियान में कई 'निर्दोष फिलीस्तीनियों' के मारे जाने पर आंसू बहा रहा है, पर उसी देश के पूर्व तानाशाह जनरल जिया-उल-हक ने ही जॉर्डन के 1० दिवसीय 'ब्लैक सितंबर' में इजराइल के विरुद्ध संघर्ष कर रहे हजारों फिलीस्तीनियों के कत्लेआम में रणनीतिक भूमिका निभाई थी। जिया उस समय ओमान में पाकिस्तानी दूतावास में कार्यरत थे। तब जिया ने जॉर्डन सेना को पीएलओ के खिलाफ लडने् हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया था। इस घटना के लिए जिया को फ़िलिस्तीनियों का 'कसाई' कहकर संबोधित किया जाता है।

क्या तब पाकिस्तान के समर्थन से जॉर्डन के मुस्लिम शासक, जो पैंगबार साहब के प्रत्यक्ष वंशज हैं- उनके द्वारा हजारों फिलीस्तीनियों की मौत पर कोई हो-हल्ला हुआ था, जैसे इजराइल-हमास युद्ध में हो रहा है? यदि तब सम्राट हुसैन द्वारा अपने देश की एकता और अखंडता सुरक्षित रखने के लिए फिलीस्तीनियों पर सैन्य कार्रवाई गलत नहीं थी, तब इजराइल द्वारा हमास के 7 अक्टूबर 2०23 को किए भीषण आक्रमण का प्रतिकार, जिसमें गाजा-पट्टी पर रॉकेट-टैंक से हमला हो रहा है- उसपर हायतौबा क्यों?

यह विडंबना केवल फिलीस्तीनियों तक सीमित नहीं है। पाकिस्तान ने अपने वैचारिक कोख से जिन हजारों-लाख जिहादियों को पैदा किया, वह उसके लिए भी भस्मासुर बन रहे है। पूर्व तानाशाह जिया-उल हक के कार्यकाल (1978-88) के बाद पाकिस्तान में शिया-सुन्नी और अहमदिया संप्रदायों के बीच मजहबी टकराव को बढ़ावा मिला। एक आंकड़े के अनुसार, पाकिस्तानी वैचारिक अधिष्ठान द्वारा पनपाए आतंकवाद ने दीन के नाम पर बीते दो दशकों में 7०,००० पाकिस्तानियों (शत-प्रतिशत मुस्लिम) को मौत के घाट उतार दिया है। अकेले वर्ष 2०1०-18 में सुन्नी मुस्लिम मजहबी कारणों से लगभग 5,००० शिया मुसलमानों की हत्या कर चुके है। कई अन्य इस्लामी देश भी इसी प्रकार के दीनी संघर्ष से दो-चार है।

वास्तव में, यह दोहरे मापदंड की चरमसीमा है। जब दुनिया (भारत) में आतंकवादी द्वारा इस्लाम के नाम पर गैर-मुस्लिमों के साथ अन्य मुसलमानों की हत्या की जाती है, तब इसपर या तो चुप्पी मिलती है या निंदनीय कहकर औपचारिकता पूरी की जाती है या फिर इसे कुतर्कों से न्यायोचित ठहराने का प्रयास किया जाता है। परंतु जब इसका पीड़ित (किसी देश सहित) द्वारा प्रतिकार किया जाता है, तब इसे 'दमन' या 'इस्लामोफोबिया' की संज्ञा दे दी जाती है। इजराइल-हमास युद्ध पर विकृत नैरेटिव- इसका हालिया उदाहरण है।

## सू- दोकू क्र. 58

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**


1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.57 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# हाथ से फिसलती डोर

बेंजामिन नेतन्याहू को मालूम है कि जब युद्ध ठहर जाएगा, तब इजराइल के अंदर उनसे सात अक्टूबर 2०23 को हुई सुरक्षा चूक और गजा में अंधाधुंध सैनिक कार्रवाई की उनकी रणनीति को लेकर अनेक गंभीर सवाल पूछे जाएंगे।



फिलस्तीनियों के खिलाफ युद्ध ना रोकने की जिद अब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भारी पडने् लगी है। सभी तरफ यह अहसास गहरा चुका है कि अपनी कुर्सी बचाने के लिए नेतन्याहू युद्ध को लंबा खिंच रहे हैं। नेतन्याहू को मालूम है कि जब युद्ध ठहर जाएगा, तब इजराइल के अंदर उनसे सात अक्टूबर 2०23 को हुई सुरक्षा चूक और गजा में अंधाधुंध सैनिक कार्रवाई की उनकी रणनीति को लेकर गंभीर सवाल पूछे जाएंगे। जब युद्ध शुरू हुआ, तब नेतन्याहू कथित न्यायिक सुधारों को लेकर देश में घिरे हुए थे। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इससे संबंधित कानून को रद्द कर दिया। इससे उनकी राजनीतिक स्थिति और कमजोर हो गई है। इस बीच बिना किसी सैनिक उद्देश्य गजा में कत्ल-ए-आम जारी रखने की उनकी रणनीति ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके समर्थकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गजा में 25 हजार से अधिक फिलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमे आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। 62 हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं। वहां की 85 प्रतिशत आबादी बेघर हो चुकी है।

इसलिए भले ही दिखावटी तौर पर, लेकिन अमेरिका के जो बाइडेन प्रशासन को भी अब संकेत देना पड़ रहा है कि वह गजा में इजराइली कार्रवाई रोकना चाहता है। इस बीच यूरोपियन यूनियन ने एक विशेष बैठक बुलाई है, जिसके लिए तैयार एजेंडे में सदस्य देशों से यह कहा गया है कि वे नेतन्याहू को यह संदेश दें कि फिलस्तीनियों के लिए अलग संप्रभु राज्य के गठन के लिए तैयार नहीं होने पर उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दक्षिण अफ्रीका की याचिका पर हुई कार्यवाही पहले ही इजराइल और उसके समर्थक देशों की छवि को बेहद मलीन कर चुकी है। उधर एक अमेरिकी अखबार के मुताबिक इजराइल में अब उद्विग्नता का माहौल है। सैन्य विशेषज्ञ यह दो टूक कह रहे हैं कि हमास को जड़ से उखाडने् की नेतन्याहू की घोषणाएं दिवास्वप्न हैं। इसी माहौल का परिणाम बीते सप्ताहांत देखने को मिला, जब हजारों इजराइली नेतन्याहू विरोधी प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए सड?ों पर उतर आए। यह नेतन्याहू के हाथ से डोर फिसलने का ठोस संकेत है।(आरएनएस)

# कैटरीना कैफ की फिल्म मेरी क्रिसमस का संघर्ष जारी

बॉक्स ऑफिस के लिए बीता साल काफी शानदार रहा। अब नए साल के शुरुआती महीने में 3 बड़ी फिल्में रिलीज हुई हैं, जो दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैंहालिया रिलीज फिल्मों में तेजा सज्जा की हनुमान, महेश बाबू की गुंटूर कारम और कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की मेरी क्रिसमस शामिल हैंहालांकि, हनुमान और गुंटूर कारम ने कमाई के मामले में मेरी क्रिसमस को पछाड़ दिया है। यह फिल्म शुरुआत से दर्शकों के लिए तरस रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने पहले गुरुवार 1.०5 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 14.87 करोड़ रुपये हो रहा हैमेरी क्रिसमस को लगभग 6० करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है। फिल्म के लिए अपना बजट वसूलना भी मुश्किल हो गया हैऐसे में फिल्म को जल्द सिनेमाघरों से हटाया जा सकता है।

मेरी क्रिसमस से पहले राघवन अंधाधुन और बदलापुर जैसी फिल्में दर्शकों के बीच पेश कर चुके हैं। इसमें राधिका आप्टे और अश्विनी कालसेकर का कैमियो हैमेरी क्रिसमस सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इस फिल्म का प्रीमियर मार्च के अंत तक किया जाएगा।नेटफ्लिक्स ने इस फिल्म को 6० करोड़ रुपये में खरीदा हैमेरी क्रिसमस को हिंदी के साथ तमिल भाषा में भी रिलीज किया गया है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया।

# राष्ट्रपति का जीवन रक्षक पदक मिलने पर डीजीपी ने दी नरेश को बधाई

## ❑जहरीली गैस से बचाई थी 25 जिन्दगियां

संवाददाता



देहरादून। जहरीली गैस रिसाव के बाद अपनी जान की परवाह ना करते हुए 25 लोगों की जान बचाने वाले सिपाही नरेश जोशी को राष्ट्रपति का जीवन रक्षक पदक मिलने पर डीजीपी अभिनव कुमार ने उसको बधाई दी।

30 अगस्त, 2022 की प्रातः पांच बजे जनपद ऊधमसिंहनगर के आजाद नगर, ट्रांजिट कैम्प में कबाड़ के गोदाम में सिलेंडर से विषैली गैस अमोनिया के रिसाव होने व गैस से कई लोगों के बेहोश होने की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने देखा कि कबाड़ के गोदाम में एक गैस सलेण्डर से विषैली गैस अमोनिया का रिसाव हो रहा था जिससे आस-पास के कई लोगों की आँखों में जलन तथा सांस लेने में काफी परेशानी हो रही थी और लोगों को विषैली गैस रिसाव से दम घुटकर मौत होने की संभावना भी बन चुकी थी। विषैली गैस सिलेंडर को सिपाही चालक नरेश जोशी द्वारा आपने अदम्य शाहस एवं वीरता का परिचय देते हुये अपनी जान की परवाह न करते हुये स्वयं सिलेण्डर को टुक-टुक (ई-रिक्शा) में रखकर उसका संचालन कर घनी आबादी एवं गलियों से दूर ले जाया गया तथा मेन रोड से प्रश्नगत् सिलेण्डर को वाहन के माध्यम से दूर ले जाया गया। नरेश जोशी ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुये जहरीली गैस सिलेंडर को हटाकर अपनी जान की परवाह किये बिना 25 लोगों की जान बचाई। ड्यूटी के दौरान अदम्य साहस दिखाने और अपनी जान पर खेलकर 25 जिंदगियाँ बचाने के लिए राष्ट्रपति द्वारा जनपद ऊधमसिंहनगर में तैनात सिपाही चालक नरेश जोशी को जीवन रक्षा पदक श्रंखला पुरस्कार- 2023 के अन्तर्गत जीवन रक्षा पदक प्रदान दिये जाने की घोषणा की गयी है। अभिनव कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड ने इस उपलब्धी के लिए नरेश जोशी को बधाई दी है।

# घर से जेवरात व सामान चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोडकर वहां से जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुमानीवाला अमित ग्राम निवासी टीटू सहगल ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह 14 जनवरी को परिवार के साथ बाहर गया था। आज जब वह घर आया तो उसने देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके यहां से जेवरात व गुल्लक चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# दीवार तोडने का विरोध करने पर मारपीट

संवाददाता

देहरादून। दीवार तोडने का विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रबाबा मार्ग राजपुर रोड निवासी तरूण भगोलीवाल ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने यहां निर्माण करा रहा था तभी एस्लेहाल निवासी विवेक अग्रवाल अपने दो अन्य साथियों के साथ वहां पर आया और हथौडे से उसकी दीवार को तोडने लगा उसने जब उसका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब उसका पुत्र उसको छुडाने आया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

# बापू का समतामूलक भारत का सपना हुआ तहस-नहसः कांग्रेस

हमारे संवाददाता




देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस मुख्यालय में आज मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी और महानगर अध्यक्ष डा. जसविंदर गोगी ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर महात्मा गांधी बापू के शहीदी दिवस पर बापू और राज्य के शहीद आंदोलनकारियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

प्रेस वार्ता के दौरान दसौनी ने कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के समय एक ऐसे समाज की परिकल्पना की थी जहां डर और भय की कोई जगह न हो, जहां संविधान और लोकतंत्र का राज हो लेकिन आज केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने उस मूल अवधारणा को ही तहस-नहस कर दिया है। दसौनी ने कहा की आज देश को जाति धर्म और संप्रदाय में बांटने की कोशिश की जा रही है, गरीब मजदूर, दलित और आदिवासियों पर आक्रमण और उत्पीड़न अपने चरम पर है। कहा कि पिछले दिनों राजधानी में हुई एक घटना ने राज्य को शर्मसार कर दिया है। भले ही सरकार और शासन में बैठे लोगों द्वारा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के ऑफिस में हुई घटना को दबाने की पुरजोर कोशिश की गई पर सत्य को बाहर आने से कोई नहीं रोक सकता। जानकारी देते हुए दसौनी ने कहा कि बोर्ड के मेंबर सेक्रेटरी आई एफ एस सुशांत पटनायक ने उत्तरकाशी से भाजपा के विधायक रहे गोपाल सिंह रावत की सुपुत्री जो पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में कार्यरत है उसके साथ शारीरिक उत्पीड़न करने की कोशिश की। जिन्होने उत्तराखंड के डीजीपी को इस बारे में लिखित शिकायत तक दी है। इसके बाद आनन फानन में 24 घंटे के अंदर सुशांत पटनायक को पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से हटाकर वन विभाग के हेड क्वार्टर में अटैच कर दिया गया। दसौनी ने कहा कि यदि पटनायक गलत नहीं थे तो उन्हें क्यों हटाया गया। उन्होने कहा कि अंकिता को तो न्याय नहीं मिला क्या पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में कार्यरत महिला को भी नहीं मिलेगा? दसौनी ने राज्य की धामी सरकार को गढ़ रत्न नरेंद्र सिंह नेगी के अपमान पर भी आड़े हाथों लिया। दसौनी ने कहा कि पद्मश्री सम्मान के लिए नरेंद्र सिंह नेगी का नाम उत्तराखंड से केंद्र को भेजा जाना था जिसके लिए नरेंद्र सिंह नेगी से उनका बायोडाटा भी मांगा गया परंतु जैसे ही मूल निवास और भू कानून को लेकर नेगी ने वीडियो जारी किया वैसे ही पद्मश्री से उनका नाम काट दिया गया।

प्रेस वार्ता के दौरान महानगर अध्यक्ष जसविंदर गोगी ने कहा कि आज बेरोजगारी महंगाई और महिला उत्पीड़न अपने चरम पर है। प्रदेश के बेरोजगार युवा दर-दर की ठोकने खाने को मजबूर है,भर्ती और नियुक्तियों में जमकर फर्जीवाड़ा और भाई भतीजा वाद चल रहा है। युवाओं पर अपना हक मांगने पर लाठी चार्ज किया जा रहा है।

गोगी ने कहा की महिला उत्पीड़न के क्षेत्र में एनसीआरबी के आंकड़े डरा देने वाले हैं जिसमे नौ हिमालयी राज्यों में उत्तराखंड को महिला अपराध में सर्वोपरि रखा गया है। गोगी ने कहा कि अग्निवीर योजना ने उत्तराखंड के युवाओं पर कुठाराघात कर उनके देश सेवा के जज्बे को चूर चूर करने का काम किया है। गोगी ने कहा कि अंकिता के पिता द्वारा जिलाधिकारी पौड़ी को पत्र लिखकर वीआईपी के नाम का बड़ा खुलासा करने के बावजूद राज्य सरकार ने आज तक उस व्यक्ति की जांच के लिए एक कदम भी नहीं बढ़ाया है।

# सरकार 6 फरवरी को पेश करेगी यूसीसी का प्रस्ताव

विशेष संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा यह जानकारी दिए जाने के बाद कि समिति द्वारा 2 फरवरी को सरकार को यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड) का ड्रॉप सौंप दिया जाएगा, आज संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने यह साफ कर दिया है कि सरकार 5 फरवरी से आहुत किए गए विधानसभा सत्र के दूसरे दिन 6 फरवरी को ही यूसीसी का प्रस्ताव टेबल करेगी। और इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सदन में चर्चा होगी।

प्रेमचंद अग्रवाल का कहना है कि 5 फरवरी को परंपरा अनुसार स्वर्गवासी जनप्रतिनिधियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और अगले दिन 6 फरवरी को सरकार यूसीसी का प्रस्ताव सदन के

## ❑यूसीसी और क्षैतिज आरक्षण बिल इसी सत्र में लाएंगेः अग्रवाल

पटल पर रखेगी। उनका कहना है कि सदन 8 फरवरी तक चलेगा इसलिए इस पर चर्चा के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। उन्होंने यह भी साफ किया है कि इस पर चर्चा के बाद सरकार राज्य आंदोलनकारियों के 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण का प्रस्ताव लाएगी तथा कुछ अन्य संशोधन विधेयक भी इस सत्र में लाई जा सकते हैं।

उधर आज सीएम धामी ने कहा है कि हमने 2022 के चुनाव के समय प्रदेश की जनता से यूसीसी लागू करने का जो वायदा किया था सरकार उसके प्रति प्रतिबद्ध है। ड्राफ्ट कमेटी के रिपोर्ट सौंपने के बाद इसका विधिक परीक्षण कराकर सदन में पेश किया जाएगा। उनका कहना है कि इस पर सभी की राय ली जाएगी। सरकार विधेयक के पारित होते ही जब सभी औपचारिकताएं पूरी कर राज्य में यूसीसी लागू कर देगी।

# पार्ट टाईम जॉब का लालच देकर एक करोड की ठगी करने वाला गुजरात से गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ ने पार्ट टाईम जॉब का लालच देकर एक करोड की ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य को गुजरात से गिरफ्तार किया। जिसको दून लाया जा रहा है।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि देहरादून निवासी ने एसटीएफ में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके नम्बर पर टेलीग्राम के माध्यम से से मैसेज कर फलाईट नेटवर्क कम्पनी का सीनियर एजेन्ट बताते हुए फाईट नेटवर्क कम्पनी को बढावा देने की बात कहते हुए प्रत्येक बुकिंग के लिए कमीशन प्राप्त करने की बात कहना व टिकट बुकिंग हेतु भिन्न-भिन्न लिंक प्रदान करना जिसके पश्चात एयरफेयर डिपोजिट, प्रोसेसिंग, अमाउण्ट व अन्य के नाम पर



कुल 26 लाख की धोखाधडी की है। एसटीएफ ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने जांच के पश्चात घटना में शामिल मोराडिया हार्दिक कुमार भगवान भाई पुत्र भगवान भाई निवासी तपोवन सोसाइटी वेद रोड सूरत सिटी गुजरात को गुजरात से गिरफ्तार किया। वह प्रत्येक ठगी के बाद अपना सिम कार्ड, बैंक खाते को बंद कर नये सिम कार्ड व बैंक खातों का प्रयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में मोराडिया हार्दिक स्वंय दुबई एवं थाईलैंड जाकर वहां पर साइबर अपराध से संबंधित एक अपराधिक किट देता है जिसमे भारत के विभिन्न बैंक खाते जो कि करेंट बैंक अकाउंट, सेविंग अकाउंट एसएमएस अलर्ट नम्बर आदि दुबई में एवं थाईलैंड में दिए जाते हैं। उसने बताया कि सूरत गुजरात में उन लोगों का पूरा गिरोह है जो इस प्रकार के फर्जी कम्पनियों के नाम पर उद्योग आधार लेते हैं इस उद्योग आधार के दस्तावेजों पर फर्जी बैंक खाते खुलवाते है एवं मोबाइल नम्बर लिए जाते हैं। इस प्रकार उन्होंने पूरे भारत से एक करोड रूपये की ठगी की है। एसटीएफ ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एक नजर

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के सामने पेश हुए तेजस्वी यादव

पटना। बिहार की सत्ता बीते रविवार को गंवाने वाले राष्ट्रीय जनता दल के नेता और महागठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे तेजस्वी यादव मंगलवार को नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुए।

इससे पूर्व बीते सोमवार को इसी मामले में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व रेलमंत्री रहे लालू यादव भी ईडी के सवालों का जवाब देने के लिए पेश हुए थे। एजेंसी ने लालू यादव से 10 घंटे तक पूछताछ की थी। तेजस्वी याजव आज सुबह 11:25 बजे पटना स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचे। इस दौरान मौके पर मौजूद उनके समर्थकों ने ईडी और सूबे में जदयू के साथ सत्ता पर काबिज हुई भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



इससे पहले इसी मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से ईडी ने अप्रैल 2023 में आठ घंटों तक पूछताछ की थी। वहीं 22 दिसंबर को ईडी के समन को तेजस्वी यादव ने यह कहते हुए नजरअंदाज कर दिया था कि नौकरी के बदले जमीन घोटाले के संबंध में एजेंसी की ओर से जारी किया गया नोटिस एक नियमित मामला था। मालूम हो कि नौकरी के बदले जमीन का कथित घोटाला 2004 और 2009 के बीच लालू यादव परिवार द्वारा रेलवे में नियुक्तियों के बदले अभ्यर्थियों से जमीन लिए जाने के संबंध में है, उस समय लालू यादव मनमोहन सिंह की तत्कालीन सरकार में रेल मंत्री थे।

### पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को 10 साल की सजा

कराची। पाकिस्तान की एक अदालत ने साइफर मामले में पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई प्रमुख इमरान खान को 10 साल की सजा सुनाई। पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को भी 10 साल की सजा सुनाई।

इस फैसले से पाकिस्तान चुनाव से पहले इमरान खान और उनकी पार्टी पीटीआई को बड़ा झटका लगा है। देश में 8 फरवरी को मतदान है। 71 साल के इमरान के खिलाफ मार्च 2023 में वाशिंगटन में पाकिस्तान के दूतावास द्वारा भेजे गए एक गुप्त राजनयिक केबल (साइफर) को लीक करने के मामले में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद अगस्त में पूर्व पीएम को गिरफ्तार किया गया था। सिफर या डिप्लोमैटिक केबल वह संवाद होता है जो विदेशी मिशन की तरफ से अपने देश को भेजा जाता है। इसमें सभी तरह की बातचीत की जानकारी होती है, जिसको डिकोड कर उसको पढ़ा जाता है।



### चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा को मिली जीत

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के महापौर पद के लिए हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनोज सोनकर ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को हराकर जीत हासिल कर ली है। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद हो रहे चुनाव, विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के सदस्य कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के एक साथ चुनाव लड़ने के कारण महत्वपूर्ण हैं। कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ रही आम आदमी पार्टी ने महापौर पद के लिए प्रत्याशी खड़ा किया था।



चुनाव में भाजपा के मेयर उम्मीदवार मनोज सोनकर ने 16 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी मेयर प्रत्याशी कुलदीप सिंह को 12 वोट मिले। विपक्ष के 8 वोट इनवैलिड घोषित किए गए। इस चुनाव में बीजेपी की आईएनडीआईए से सीधी टक्कर थी। आम आदमी पार्टी ने कहा था कि इस पहली सीधी टक्कर में बीजेपी को हरा कर 2024 लोक सभा चुनाव के लिए बड़ा संदेश देंगे। चुनाव अधिकारी ने कई मत अवैध घोषित किए। इसके बाद बीजेपी का उम्मीदवार मेयर का चुनाव जीत गया। हार के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने धांधली का आरोप लगाया है। केजरीवाल ने कहा, चंडीगढ़ मेयर चुनाव में दिन दहाड़े जिस तरह से बेईमानी की गई है, वो बेहद चिंताजनक है। यदि एक मेयर चुनाव में ये लोग इतना गिर सकते हैं तो देश के चुनाव में तो ये किसी भी हद तक जा सकते हैं। ये बेहद चिंताजनक है।

# पिथौरागढ़ से हवाई सेवा शुरू

विशेष संवाददाता

पिथौरागढ़/देहरादून। लम्बे समय के इंतजार के बाद आखिरकार पिथौरागढ़ के नैनी सैनी एयरपोर्ट से देहरादून और पंतनगर के लिए आज हवाई सेवा शुरू हो गयी। यह सेवा सप्ताह में तीन दिन सोमवार, मंगलवार और शुक्रवार को संचालित की जायेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नैनी सैनी से पहली फ्लाइट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर केन्द्रीय नागरिक उड्यन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी वर्चुअल जुड़े।

इस सेवा का संचालन का जिम्मा बिग फ्लाइट ऐसियोसिशन कम्पनी द्वारा किया जायेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय उड्यन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभारी हूं। जिनके प्रयास से यह सेवा शुरू हो सकी है। उन्होने कहा कि अब राज्य के दूरस्थ सीमावर्ती क्षेत्रों तक श्रद्धालुओं और पर्यटकों का पहुंचना बहुत आसान हो जायेगा। उन्होने कहा कि इससे उत्तराखण्ड के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को आवागमन में कोई दिक्कत नहीं होगी। उड्यन मंत्री सिंधिया का कहना था कि आज नैनी सैनी से देहरादून के लिए हवाई सेवा शुरू हो गयी है। यहां 16 सौ मीटर का रनवे है।



उन्होने कहा कि बहुत जल्द दिल्ली से भी हवाई सेवा शुरू की जायेगी। अभी 19 सीटर विमान की सेवाएं शुरू की गयी है। जो सप्ताह में तीन दिन सोमवार, मंगलवार व शुक्रवार को चलाई जा रही है, 1 घंटे में पिथौरागढ़ से देहरादून पहुंच जाएगा। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी द्वारा राज्य में किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

**❑मुख्यमंत्री धामी ने दिखायी हरी झंडी**
**❑केन्द्रीय उड्यन मंत्री सिंधिया वर्चुअली जुड़े**

सांसद अजय टम्टा ने कहा आज ऐतिहासिक दिन है उन्होंने पिथौरागढ़ से देहरादून हवाई सेवा प्रारंभ होने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री नागरिक उड्डयन के विशेष प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने आने वाले समय में पिथौरागढ़ से देहरादून 3 दिन बढ़कर 5 दिन हवाई सेवा बढ़ाने व पिथौरागढ़ से दिल्ली को हवाई सेवा से जोड़ने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में सचिव शैलेश बगौली ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए हवाई सेवा प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वह नागरिक उड्डयन मंत्री का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री गणेश भंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, विधायक पिथौरागढ़ मयूख महर, पूर्व विधायक चंद्रा पंत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष गिरीश जोशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंद्र लूंठी, जिलाधिकारी रीना जोशी, मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, अपर जिलाधिकारी डा एस के वरनवाल, संयुक्त मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मिश्रा फ्लाइविंग के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

## स्कूटी चोरी कर भागते युवक को पकड पुलिस के हवाले किया



संवाददाता

देहरादून। मकान के बाहर से स्कूटी चोरी कर भाग रहे युवक को लोगों ने पकड कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतीत नगर निवासी सोहन लाल ने रायवाला थाना पुलिस को सूचना दी कि उसने अपनी स्कूटी अपने मकान के गेट पर खडी की हुई थी। थोडी देर बाद जब वह बाहर आया तो उसने देखा कि एक युवक ने उसकी स्कूटी का लॉक तोडकर उसको चोरी कर ले जा रहा था। उसने उसका पीछा किया और शोर मचाया उसका शोर सुनकर आसपास के लोग वहां पर पहुंच गये और स्कूटी चोरी कर भाग रहे युवक को पकड लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राकेश चौहान पुत्र सुरमान सिंह चौहान निवासी मुनि की रेती टिहरी गढवाल बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## राधा रतूड़ी होंगी राज्य की नई मुख्य सचिव

**❑कल सेवानिवृत होंगे मुख्य सचिव एसएस संधू**

विशेष संवाददाता

देहरादून। अपनी सादगी और कार्य कुशलता तथा ईमानदार छवि के लिए जाने जानी वाली वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी राज्य की मुख्य सचिव होंगी। कल मुख्य सचिव एसएस संधू का कार्यकाल पूरा हो रहा है अब उनकी जगह राधा रतूड़ी को यह अहम जिम्मेदारी सौंपा जाना तय हो चुका है हालांकि अभी इसके आधिकारिक आदेश जारी नहीं किए गए हैं लेकिन सरकार द्वारा यह फैसला लिया जा चुका है।



वर्तमान मुख्य सचिव का सरकार द्वारा विगत वर्ष 6 माह का कार्यकाल बढ़ाया गया था जो कल पूरा होगा। अब उनकी जगह 1988 बैच की आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी को मुख्य सचिव की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। राधा रतूड़ी राज्य की पहली महिला मुख्य सचिव होगी। ईमानदार और कर्मठ अधिकारी की छवि रखने वाली राधा रतूड़ी अब तक तमाम महत्वपूर्ण जिम्मेदार पदों पर रह चुकी हैं। हालांकि उनका सेवा काल भी मार्च 2024 में ही समाप्त हो रहा है। लेकिन इस दौरान आम चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के कारण उनका कार्यकाल 6 माह के लिए बढ़ाया जा सकता है।

## अधेड़ की हत्या कर लहूलुहान

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

क्षेत्राधिकारी रुडकी पल्लवी त्यागी, एएसपी जितेंद्र मेहरा एवं फॉरेंसिक टीम, स्वान दल पहुंचे। शव को पंचनामा/पोस्टमार्टम के लिए रुड़की भेजा गया। साथ ही आवश्यक विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*